तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026

11 मैनपुर की पहाड़ियों पर बसे ओढ़–आमामोरा अब भी विकास से दूर



12 राजिम भक्तिन माता की जीवन गाथा पाठ्यक्रम में शामिल हो : उप कुलसचिव





# राजिम मेला समाप्त पर नदी किनारे पसरी गंदगी से बिगड़ा सौंदर्य

## पंद्रह दिवसीय धार्मिक आयोजन के बाद घाटों पर कचरे के ढेर, उठी सफाई व्यवस्था पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम का पंद्रह दिवसीय धार्मिक मेला तो आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हो गया, लेकिन जीवनदायिनी महानदी की वर्तमान हालत कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। मेला समाप्त होते ही प्रशासनिक अमला और आयोजन से जुड़े जिम्मेदार लोग अपने-अपने दायित्वों से मुक्त नजर आ रहे हैं, जबकि नदी के बीच चारों ओर कचरे के ढेर, प्लास्टिक, कपड़े, थर्माकोल, मलमा और गंदगी का दृश्य पहाड़ जैसे दिखाई दे रहे हैं। कायदे से देखा जाए तो आस्था के बाद अव्यवस्था नजर आ रही है।

मेले के दौरान हजारो श्रद्धालुओं ने महानदी में न केवल गंगा आरती किया बल्कि स्नान कर पुण्य अर्जित किया।





### आस्था के साथ स्वच्छता का संकल्प भी जरूरी

श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को भी यह समझना होगा कि जिस नदी से जीवन मिलता है, उसे प्रदूषित करना धार्मिक दृष्टि से भी अनुचित है। आस्था के साथ स्वच्छता का संकल्प जरूरी है। इस संदर्भ में जिला एवं तहसील प्रशासन से बात करने के प्रयास किए गए। कलेक्टर गरियाबंद को दो बार कॉल लगाया गया और एसडीएम राजिम को एक बार लेकिन दोनो ही वरिष्ठ अफसरो ने किसी कारणवश फोन रिसीव्ह नही कर पाए। बता दें कि श्री राजीव लोचन मंदिर से लगे हुए श्री पंचेश्वर महादेव का मंदिर है और इस मंदिर के नीचे से लेकर श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर मार्ग पर चौतरफा कचरे का ढेर और मलमा बदबु मारते पड़ा हुआ है। मेले को समाप्त हुए चार दिन हो गए है लेकिन इस ओर किसी का भी ध्यान नही गया है।

लेकिन अब वही पवित्र महानदी मेले के बाद उपेक्षा का शिकार है। घाटों से लेकर नदी के बड़े रकबे पर कचरा ही कचरा दिख रहा है। कई स्थानों पर दुर्गंध की स्थिति बन गई है। जमकर मच्छर और मक्खी झूमते हुए नजर आ रहे है। नदी के बीच अस्थाई रूप से बनाया गया शौचालय भी बदबु मार रहा है।

यह दृश्य न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं की आस्था पर भी आघात है। जीवनदायिनी महानदी केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि हजारों गांवों और शहरों की जीवनरेखा है। पेयजल, सिंचाई और जैव विविधता का आधार रही यह नदी यदि इसी तरह कचरे और मलमें की भेंट चढ़ती रही, तो आने वाले समय में इसके जल की ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष व कार्य समिति की सूची जारी

**फिंगेश्वर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े के निर्देशानुसार भाजपा संगठन प्रभारी अमित चिमनानी, जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर के सहमति से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह राजवंशी ने गरियाबंद जिले के अनुसूचित जाति कार्यसमिति, मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जारी सूची में भाजपा अनुसूचित जाति के मंडल अध्यक्ष परमानंद नेताम गरियाबंद,रोमनदास बंजारे राजिम, खिलावन सोनवानी फिगेश्वर,मोहन ढीढी कोपरा, गिरवर लहरे छुरा, अर्जुन पांडेय बिंद्रानवागढ़,खेमकुमार जगत मलेवाचंल,नरेश सोनवानी, उग्रसेन बघेल कांदा डोगर,गौकरण कश्यप गोहरापदर,परसराम प्रधान देवभोग एवं नरेश प्रधान झाखरपारा है। इसी प्रकार 34 लोगों को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

### ग्राम गिरोला के रंगकर्मी ने दिल्ली में शानदार प्रस्तुति

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाते हुए अभनपुर क्षेत्र के ग्राम गिरोला के युवा रंगकर्मी चंद्रहास बघेल ने राजधानी दिल्ली में अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित भारत रंग महोत्सव में उनके नाटक लोक नाट्य नाचा फैशन शो का मंचन दिल्ली के ओपन एयर थिएटर में किया गया।

इस नाटक में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक नाचा शैली को आधुनिक रूप में प्रस्तुत करते हुए लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक वेशभूषा के माध्यम से ग्रामीण संस्कृति की जीवंत झलक दिखाई गई। दर्शकों ने तालियों की गूंज के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

### दुतकैया आगजनी व तोड़-फोड़ मामले की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**गरियाबंद।** ग्राम दुतकैया खपरी थाना राजिम में 1 फरवरी को सांप्रदायिक विवाद के चलते तनाव की स्थिति में आगजनी एवं तोड़-फोड़ की गंभीर घटना सामने आई थी। जिससे गांव में अशांति का माहौल बन गया था। घटना की निष्पक्ष एवं विस्तृत मजिस्ट्रियल जांच के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजिम को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच के दौरान घटना की परिस्थितियों, दोषियों की पहचान, जनहानि व संपत्ति क्षति का आकलन तथा सभी संबंधित तथ्यों की गहन समीक्षा की जाएगी। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सुझाव भी प्रस्तुत किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि घटना से जुड़ी किसी भी जानकारी वाले व्यक्ति 23 फरवरी 2026 तक कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी, राजिम में स्वयं उपस्थित होकर अथवा लिखित रूप में अपना बयान दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन ने जांच में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने का भरोसा दिलाया है।

## ओडिशा से आये 4 आरोपी गिरफ्तार, 3 फरार, 178 फंदे जब्त

# टाइगर रिजर्व में शिकार की साजिश नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन्यप्राणियो के अवैध शिकार की बड़ी साजिश को वन विभाग ने नाकाम कर दिया ओड़िशा प्रदेश से शिकार के उद्देश्य से पहुंचे 4 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया जबकि 3 आरोपी फरार हो गये और इनसे 178 नग फंदे जप्त किये गये है।

मिली जानकारी के अनुसार 17 फरवरी वन परिक्षेत्र तौरेगा (बफर) टीम के द्वारा वन्यप्राणी के अवैध शिकार एवं वन अपराध की रोकथाम हेतु सतर्कता पुर्वक वन गश्त के दौरान गौरगांव सर्कल, वन परिसर गौरगांव, संरक्षित वनक्षेत्र, कक्ष क्रमांक 1153 क्षेत्र में वन अपराध वन्यप्राणी के अवैध शिकार के नियत से लगाये गये रस्सा सहित तार फंदा 70 नग, कलच वायर फंदा 108 नग को जप्त कर 04 आरोपियों (1) रूपधर मांझी पिता महादेव मांझी, जाति रावत, उम्र 49 वर्ष, ग्राम फूलझड़ी, तह, उमरकोट, थाना उमरकोट, जिला नबरंगपुर, राज्य उड़ीसा, (2) पुर्न सान्ता पिता चितरू सान्ता, जाति गोंड़, उम्र 31 वर्ष, ग्राम फूलझड़ी, तह. उमरकोट, थाना उमरकोट, जिला नबरंगपुर, राज्य उड़ीसा, (3) भीमा सान्ता पिता रथ सान्ता, जाति गोंड़, उम्र 39 वर्ष, ग्राम फूलझड़ी, तह. उमरकोट, थाना उमरकोट, जिला नबरंगपुर, राज्य उड़ीसा, (4) विश्वनाथ सान्ता पिता गन सान्ता, जाति गोंड़, उम्र 48 वर्ष, ग्राम फूलझड़ी, तह. उमरकोट, थाना उमरकोट, जिला नबरंगपुर, राज्य उड़ीसा के विरूध्द वन अपराध पी.ओ.आर.क्र. 96/06 दिनांक 16.02.2026 दर्ज कर धारा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 2(16)(इ), 9, 27, 29, 30, 31, 39, 44, 50, 51, 51 ए एवं 52 के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेड, प्रथम श्रेणी न्यायालय गरियाबंद के समक्ष रिमाण्ड प्रस्तुत करने उपरांत जिला जेल गरियाबंद में जेल दाखिला किया गया।

■ शिकारियों पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई



### इनकी भूमिका रही अहम

उपरोक्तानुसार विभागीय कार्यवाही में केजुराम कोरचे वन परिक्षेत्र अधिकारी तौरंगा (बफर), नितेश कुमार सारथी, वनपाल, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गौरगांव, श्री चिराग साहू वनरक्षक, परिसर रक्षी गौरगांव, दानेश्वर ठाकुर वनरक्षक, मुकेश कुमार सिन्हा पेट्रोलिंग श्रमिक, मोती लाल डोंगरे, पेट्रोलिंग श्रमिक, यज्ञमालती यादव पेट्रोलिंग श्रमिक एवं हेमसिंग ध्रुव, लिपिक सहायक, वाहन चालक पिताम्बर डोंगरे का सहयोग प्राप्त हुआ।

## वन्य प्राणियों पर अब थर्मल ड्रोन की रहेगी नजर

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व क्षेत्र में एडवांस तकनीक वाले थर्मल ड्रोन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी जो कि अब पूरी हो गई है फिलहाल रिजर्व क्षेत्र को यूएसटीआर को एक थर्मल ड्रोन मिला है और भविष्य में आवश्यकतानुसार और ड्रोन की व्यवस्था की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार उक्त ड्रोन उन्नत तकनीक से भरपूर है ड्रोन मिलने से वन्य क्षेत्र में आगजनी की सही स्थिति का पता चल पाएगा साथ ही वन्य क्षेत्रे में वन्य जीवो के हीट को थर्मल ड्रोन सेंसर कर पाएगा जिससे वन्य जीवो के मूहमेंट की सही जानकारी मिल पाएगी।



थर्मल ड्रोन को एक बैटरी से लगभग 40 मिनट तक उड़ाया जा सकता है। 05 किमी तक ड्रोन की रेंज है और उक्त ड्रोन से 500 मीटर दूर तक क्लीयर जूम इन की सुविधा इससे काफी दूर से क्लीयर फोटो, वीडियो लिये जा सकते है। इससे तस्करी व संदिग्ध गतिविधियां कैमरे में कैद हो जाएगी। उक्त ड्रोन में लेजर फाइंडर भी है। जो हर एक हाथी की प्रोफाईल जैसे जेंडर, हाइट, बिल्ट भी कर पाएगी। यह ड्रोन उन्नत डीजीपीएस तकनीक का प्लांट मैपिंग भी कर सकता है। जैसे 100 हेक्टयर भूमि की मैपिंग एक ही उड़ान से पूरी कर ली जाएगी। इससे क्षेत्र में कितने पेड़, गड्ढे आदि है, क्लीयर हो पाएगा। उक्त ड्रोन को चलाने आज से ट्रेनिंग शुरु की गई है।

**उपनिदेशक ने बताई थर्मल ड्रोन की तकनीकी विशेषताएं :** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के वन संरक्षण प्रयासों को थर्मल, नाइट विजन, लेजर रेंज फाइंडर और डीजीपीएस पे–लोड से लैस यूएवी के शामिल होने से मजबूती मिली है। यह यूएवी ओडिशा सीमा पर तैनात किया जाएगा, जो शिकारियों और तस्करों की घुसपैठ और वन अग्नि घटनाओ का शीघ्र पता लगाने के लिए जानी जाती है। यह यूएवी थर्मल सिग्नेचर का पता लगाने और ▶▶ शेष पेज 10 पर

## आदिवासी छात्र की मौत आज मैनपुर नेशनल हाईवे में समाज का चक्काजाम

**मैनपुर।** आदिवासी बालक आश्रम बड़ेगोबरा के छात्र की समय पर इलाज नही मिलने के कारण पिछले दिनों दर्दनाक मौत हो गई। घटना को लेकर आदिवासी समाज के लोगो में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। लापरवाह आश्रम अधीक्षक राकेश साहू पर एफआईआर दर्ज कर पीड़ित परिवार को 1 करोड़ मुआवजा राशि की मांग को लेकर आदिवासी समाज द्वारा मैनपुर नेशनल हाइवे 130 सी में 19 फरवरी को चक्काजाम करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए आज दिनभर आदिवासी समाज द्वारा रणनीति तैयार की गई है। जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, पूर्व सरपंच नोकेलाल ध्रुव, रामकृष्ण ध्रुव, नैनसिंह नेताम, महनसिंह, फडिन्द्र ठाकुर ने कहा कि आश्रम अधीक्षक राकेश साहू को तत्काल बर्खास्त किया जाए और उन पर एफआईआर दर्ज हो। पीड़ित परिवार को 1 करोड़ मुआवजा राशि दिया जाये। मंडल संयोजक पर भी कार्रवाई की जाए। आदिवासी नेताओ ने बताया इस मामले को लेकर 10 दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री, गरियाबंद कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर आदिवासी समाज द्वारा अपनी मांगों को रखा जा चुका है।

## पुलिस ने इस्तगासा पर तीन पर की कार्रवाई

**अभनपुर।** थाना अभनपुर में दर्ज इस्तगासा पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीएनएसएस धारा 170, 126, 135(3) के तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें टोकेंद्र बया पिता झग्गू राम बया, उम्र 21 वर्ष, थनेश ध्रुव पिता गणेश ध्रुव, उम्र 24 वर्ष, दोनों निवासी ग्राम खोला अभनपुर, जनक सोनवानी पिता प्रेमलाल सोनवानी, उम्र 33 वर्ष, निवासी छोटे उरला का नाम शामिल है। मामले में आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय अभनपुर में पेश करने हेतु रवाना किया गया। पुलिस द्वारा प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है

## पाण्डुका के केवी लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स सेऔषधि विभाग दो दवाओं के लिए नमूने

**गरियाबंद।** पाण्डुका स्थित के.वी. लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स में सूचना मिलने पर औषधि विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो दवाओं पर संदेह होने पर उनके नमूने लेकर जांच के लिए औषधि जांच प्रयोगशाला रायपुर भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद दवाओं की गुणवत्ता की स्थिति स्पष्ट होगी।



निरीक्षण में दुकान में कुछ अनियमितताएं भी पाई गईं। इनमें एक्सपायरी दवाओं का होना, दवाओं का सही तरीके से भंडारण न किया जाना तथा नियमों का उल्लंघन शामिल हो सकता है। इन कमियों को लेकर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गई है। नियमों के अनुसार दुकान के लाइसेंस पर कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। यह कार्रवाई औषधि निरीक्षक धर्मवीर सिंह ध्रुव द्वारा की गई। औषधि विभाग ने बताया कि यह कदम लोगों को सुरक्षित दवाएं उपलब्ध कराने और नकली अथवा घटिया दवाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से उठाया गया है। जांच पूरी होने के बाद दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सीआरपीएफ ने किया सिविक एक्शन कार्यक्रम



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के थाना इंदागांव में मौजूद सीआरपीएफ ने सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत जन कल्याण का कार्यक्रम का आयोजन किया। सीआरपीएफ 211 वी बटालियन के द्वितीय कमांडेंड रंजन कुमार बहाली की मौजूदगी में आयोजित शिविर में 600 से अधिक ग्रामीण शामिल हुए, 400 से ज्यादा ग्रामीणों का स्वास्थ परीक्षण कर निःशुल्क दवाई दी गई।

इसके अलावा ग्रामीणों को रोजमर्रा एवं जुड़ी जरूरी सामग्री स सिंटेक्स टंकी, बच्चों को स्कूल ड्रेस, नोट बुक, पेंसिल, रबर, स्कूल बैग, के अलावा ग्रामीणों पुरुषों को गमछा, लूंगी एवं अन्य सामग्री, के साथ ही महिलाओं को साड़ी, बर्तन, बुजुर्गों को कंबल,बर्तन समेत अन्य जरूरी सामग्री वितरित किया गया।सीआरपीएफ ने ऐसे ही जनसेवक कार्यक्रम का आयोजन कर बीहड़ नक्सली इलाको में नक्सल प्रभाव में आ चुके लोगों के मन में फोर्स के प्रति सम्मान और विश्वास जगाने में सफल रही है।

## बोड़की में विधवा महिला और ग्रामवासियों के बीच जमीन को लेकर हुआ विवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

फिंगेश्वर थाना व तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बोड़की में एक विधवा महिला और ग्रामवासियों के बीच जमीन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। विधवा यशोदा बाई (पति स्वर्गीय उमेश कुमार साहू) ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि ग्रामवासियों ने उन्हें और उनके तीन बच्चों, जिनमें एक विकलांग है, पर हूक्का-पानी बंद कर दिया है। वहीं, ग्राम पंचायत और ग्रामवासी इस आरोप को पूरी तरह खारिज करते हुए कहते हैं कि महिला का परिवार सार्वजनिक आरक्षित भूमि पर कब्जा जमाए हुए है और उसे छोड़ने से इनकार कर रहा है।

■ महिला ने लगाए गंभीर आरोप, ग्रामीणों ने आरोपों को किया खारिज

यशोदा बाई के अनुसार, वह अपने तीन बच्चों—रमेश, महेश और विकलांग खीलेश—के साथ बोड़की चौक पर अपना मकान बना रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर से लगी खाली घास भूमि पर उनके परिवार का 25 साल से कब्जा रहा है, लेकिन पिछले 20 सालों से ग्राम पंचायत और ग्रामवासी उन्हें इस जमीन को छोड़ने के लिए दबाव बना रहे हैं। यशोदा का आरोप है कि जमीन न छोड़ने पर ग्रामवासियों ने उनके परिवार का हूक्का-पानी बंद कर दिया, किराना दुकानों से लेन-देन रोक दिया और यहां तक कि उनके किराया जाने के लिए इस्तेमाल होने वाली पीकप गाड़ी पर भी पाबंदी लगा दी। 12 फरवरी को ग्रामवासियों ने मुनादी करके उक्त जमीन पर खूंटे गाड़कर रास्ता रोक दिया, जिसे यशोदा ने अपने बच्चों की मदद से हटाया। तंग आकर उन्होंने तहसीलदार, थाना, महिला आयोग, महिला सखी केंद्र और कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है। यशोदा ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला, तो वह अपने बच्चों के साथ आत्मदाह करने को मजबूर होंगी।

### ग्रामवासियों और पंचायत का पक्ष

ग्राम पंचायत बोड़की के सरपंच नेतराम सिन्हा, ग्राम अध्यक्ष बरसन पटेल और ग्राम पटेल होरी लाल अन्य ग्रामीणों ने यशोदा के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि विवादित भूमि सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित है, जिस पर यशोदा के ससुर परमेश्वर साहू ने कब्जा कर रखा था। ग्रामवासियों के अनुसार, परमेश्वर साहू ने लिखित में इस जमीन को छोड़ने की सहमति दी थी, लेकिन अब वे अपनी बहू यशोदा को आगे करके ग्रामवासियों को धमकी दे रहे हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यशोदा के निर्माणाधीन मकान पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन सार्वजनिक भूमि को खाली करवाना उनका उद्धेश्य है। उन्होंने दावा किया कि किसी का हूक्का-पानी नहीं रोका गया है और न ही किसी प्रकार की प्रताड़ना दी जा रही है।

## जर्जर व संकीर्ण सड़कों से मिलेगी राहत, आवागमन होगा सुरक्षित और सुगम

# राजिम—छुरा मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 145.62 करोड़ की मिली प्रशासनिक स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

क्षेत्र के विकास के लिए एक बड़ी और महत्वपूर्ण सौगात सामने आई है। राजिम-छुरा मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण हेतु राज्य शासन ने 145 करोड़ 62 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह स्वीकृति विधायक रोहित साहू के सतत प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के स्वीकृत होते ही राजिम से छुरा के बीच आवागमन सुगम और सुरक्षित होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

लंबे समय से इस सड़क की जर्जर स्थिति और संकीर्ण चौड़ाई के कारण आम नागरिकों, व्यापारियों, किसानों और विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। इस मार्ग के चौड़ीकरण होने से विकास को नई रफ्तार मिलेगी। सड़क चौड़ीकरण के बाद यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, यात्रा समय में कमी आएगी और क्षेत्रीय व्यापार को गति मिलेगी। राजिम ▶▶ शेष पेज 10 पर





### राजिम विधानसभा की मध्यरेखा बनने से खुलेंगे विकास के नए द्वार : रोहित साहू

विधायक रोहित साहू ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छुरा-राजिम मार्ग का चौड़ीकरण क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग थी। दुर्घटनाओं को रोकने और आवागमन को सुगम बनाने के लिए यह परियोजना अत्यंत आवश्यक थी। 145 करोड़ 62 लाख की स्वीकृति मिलने से अब जल्द ही काम शुरू होगा। हमारा उद्देश्य क्षेत्र को बेहतर बुनियादी ढांचा प्रदान करना है, जिससे विकास के नए द्वार खुलेंगे।

## खबर संक्षेप

### ईडी-सीबीआई के जरिए विपक्ष को दबाने का प्रयास : सुखचंद

**गरियाबंद।** केंद्र की भाजपा सरकार पर राजनीतिक द्वेष की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक मुकाबले में असफल रहने के बाद अब केंद्रीय जांच एजेंसियों का सहारा लेकर विपक्षी नेताओं को परेशान कर रही है। श्री बेसरा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ चल रही कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध बताया।



उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की "वाशिंग मशीन" वाली राजनीति अब छत्तीसगढ़ में भी सक्रिय हो गई है। ईडी व सीबीआई के माध्यम से दबाव बनाया जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि भूपेश बघेल को भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन वे एक प्रतिबद्ध कांग्रेसी हैं और झुकने के बजाय संघर्ष का रास्ता चुनते हैं। उन्होंने भूपेश बघेल के बयान का समर्थन करते हुए गरियाबंद के भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा द्वारा की गई टिप्पणी का भी खंडन किया।

पूर्व की सरकारों का दिया उदाहरण सुखचंद बेसरा ने कहा कि वर्ष 2004 से 2014 तक केंद्र में मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार थी, जबकि छत्तीसगढ़ में रमन सिंह मुख्यमंत्री थे। उस दौरान केंद्र सरकार ने कभी भी राजनीतिक द्वेष के आधार पर राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया और न ही केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति विकास और संघीय ढांचे के सम्मान की रही है, जबकि वर्तमान केंद्र सरकार विरोधियों को समाप्त करने की मानसिकता से काम कर रही है।

### छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत में अजय प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**गरियाबंद।** सामाजिक और सेवा गतिविधियों के लिए सक्रिय संगठन छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत ने संगठन विस्तार के तहत नई नियुक्ति की घोषणा की है। महापंचायत ने गरियाबंद निवासी अजय रोहरा को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। जारी नियुक्ति-पत्र के अनुसार अध्यक्ष अमर गिदवानी की अनुशंसा पर महासचिव जितेंद्र बड़वानी ने यह नियुक्ति की। इसकी जानकारी संगठन के प्रवक्ता दिनेश आठवानी ने दी। महापंचायत के पदाधिकारियों में अध्यक्ष अमर गिदवानी, महासचिव जितेंद्र बड़वानी, कोषाध्यक्ष सीए रवि ग्वालानी, सह-कोषाध्यक्ष सुदेश मंध्यान और राजेश गुरनानी सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। महापंचायत का कार्यालय डी-62, सेक्टर-2, देवेन्द्रनगर, रायपुर में स्थित है। महापंचायत के पदाधिकारियों ने अजय रोहरा को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में समाजहित के कार्यों को नई गति मिलेगी।



## नगर पंचायत फिंगेश्वर को मिली नई अधोसंरचना सुविधाएं

# 389 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण, विधायक ने दी जनता को सौगात

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





नगर पंचायत फिंगेश्वारा 389 लाख रूपये के कार्यो का मुख्यअतिथि राजिम विधायक रोहित साहू ने शिलान्यास, लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर फिंगेश्वर के जनता को विकास की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि राजिम विधान सभा मे विकास की नदी बहाने मे कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे।

18 फरवरी को फिंगेश्वर नगर पंचायत के द्वारा अधोसंरचना मद से 389 लाख रूपये के कार्यो का शिलान्यास, लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम मे मुख्यतिथि के आंसदी से राजिम विधायक रोहित साहू ने पंडित के मंत्रेपचार के तहत श्रीफल फोड़कर पूजा अर्चरना कर जनता को सौगात दी।इसी कड़ी मे स्वास्थ विभाग के द्वारा बनाये गये स्टाप क्वाटर एवं मितानीन भवन का लोकार्पण किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम विधान सभा मे जो विकास का क्रम चल रहा है ऐसा क्रम पिछले 50 सालों मे किसी ने नहीं किया था।आकड़े एवं कार्य इस बात की गारंटी देते हैं कि जनता की मांग एवं एक जिम्मेदार प्रतिनिधि अगर समर्पित होकर काम करे तो विकास कभी रूकता नहीं है।मेरे विधान सभा के जितने भी नगर पंचायत है उनमे करोड़ों के काम हुए हैं।यह काम मोदी जी के गारंटी के साथ साथ प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय की गारंटी पर हुए हैं। हमारे प्रधान मंत्री मोदी जी 2047 का विजन इसलिए तैयार कर रहे है जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी का जीवन सुखमय हो सके।भाजपा इसी नीति एवं रीति से देश मे आगे बढ़ रही है कि हम रहे न रहे लेकिन आनेवाली पीढी को कोई कष्ट न हो।उन्होंने विकास कार्यो को लेकर लंबी चर्चा की। नगर पंचायत के मांग पर उन्होंने मंगल भवन बनाने, मितानी भवन के बाउंड्री वाल बनाने, फणीकेश्वरनाथ के छात्रें के लिए 50 हजार का ट्रेक सूट, शीतला मंदिर फिंगेश्वर का जीर्णोद्धार, सतनामी समाज दर्रीपार एवं फिंगेश्वर के लिए सामाजिक भवन के लिए 25.25 लाख की राशि स्वीकृत कराने की घोशणा की वहीं पर अन्य आवेदनो पर स्वीकृति की बाते कहीं।

### ये विकास की सौगात है महत्वपूर्णः नपं अध्यक्ष

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी ने कहा कि विधायक रोहित साहू के द्वारा नगर के विकास को लेकर महत्वपूर्ण सौगात दी है जिसको नगर की जनता अपने कार्यो मे उपयोग करेंगीं।विकास की अमलीजामा पहनाने के लिए कोटिश धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने भी संबोधित कर देश मे मोदी एवं विष्णुदेव द्वारा कराये जा रहे विकास के कार्यो की सराहना की।मुख्यअतिथि रोहित साहू के आगमन पर बाजे गाजे, रावत नाचा एवं फटाखे फोड़कर गज माल के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे फणीकेश्वरनाथ कालेज के छात्रें के द्वारा स्वागत गीत के साथ साथ शानदार नृत्य की प्रस्तुती दी। संचालन शिक्षक कुमान धुरव ने किया आभार प्रदर्शन सीएमओ चंदन मानकर ने किया।इस कार्यक्रम मे भाजपा के अतिथि जिन्हे बनाय गये थे वे कार्यक्रम से नदारत रहे जो चर्चा का विशय रहा।

### ये हुए शामिल

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला मंहामंत्री चंद्रशेखर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित, फणीकेश्वरनाथ महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष राजू साहू, भाजपा किसान मोर्चा दर्रीपार सतनामी समाज के अध्यक्ष संतोश ढीढी, सतनामी समाज के अध्यक्ष संतोश मांडले फिंगेश्वर, नगर साहू संघ के अध्यक्ष उमाशंकर साहू, ब्लाक समन्वयक मधु यदु, नीता तिवारी, मितानीन प्रशिक्षिक भुनेश्वरी साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, सभापति अनिल चंद्राकर, सभापति चंचल कमलेश यदु, सभापति कुसुम डोमार धुर्रव, पार्शदगण रामाधीन साहू, हेमनारायण महिंलांग, पदमा यदु, शांति कोसरे, रामनारायण टांडेकर, नरेन्द्र रात्रे, अभिशेक सोनी, चांदनी कमलेश कश्यप, टीकाचंद धुव, सियाराम धुरव, उत्तम सिंह राजवंशी, दूजलाल बंजारे, खिलावन सोनवानी, मुख्यनगर पालिका अधिकारी चंदन मानकर, संतोश पवार, स्वास्थ विभाग की बीएमओ स्नेहलता हूमने, महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी जितेन्द्र साव, कालेज के प्राचार्य श्री बंजारे, नोसराम साहू, किशोर साहू सहित बड़ी संख्या मे मितानीन बहने एवं नागरिक शामिल रहे।

# गोहरापदर में बैंक ऑफ बड़ौदा की 59 वीं शाखा का उद्घाटन






**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ में वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा ने १६ फरवरी २०२६ को धमतरी क्षेत्र के गोहरापदर में अपनी ५९वीं शाखा का शुभारंभ किया। यह नई शाखा गोहरापदर एवं आसपास के गांवों के निवासियों को सुलभ एवं आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। उल्लेखनीय है कि अब तक स्थानीय ग्रामीणों को मूलभूत बैंकिंग सुविधाओं के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी।

शाखा का विधिवत उद्घाटन कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी भगवान सिंह उइके (भा.प्र.से.) द्वारा किया गया। इस अवसर पर बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, रायपुर अंचल के अंचल प्रमुख दिवाकर पी. सिंह, धमतरी क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक बनम्बर बेहरा तथा उप क्षेत्रीय प्रबंधक ओंकार नाथ सिंह सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के पारंपरिक स्वागत के साथ हुआ, जिसके पश्चात क्षेत्रीय प्रबंधक ने स्वागत भाषण देते हुए क्षेत्र की उपलब्धियों एवं बैंक की हाल की सफलताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने दूरस्थ एवं वंचित क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को दोहराया।

अपने संबोधन में अंचल प्रमुख ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा को द बैंकर (फाइनेंशियल टाइम्स समूह की प्रतिष्ठित पत्रिका) द्वारा आयोजित "बैंक ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स २०२५" में भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक घोषित किया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि चालू वित्तीय वर्ष में बैंक द्वारा २७ से अधिक नई शाखाएं खोली जाएंगी, जिनमें अधिकांश ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थापित की जाएंगी। इस अवसर पर गोवर्धन मांझी ने स्थानीय जनता की ओर से बैंक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गोहरापदर के लोगों को बैंकिंग सेवाओं के लिए पहले २० किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करनी पड़ती थी। नई शाखा खुलने से ग्रामीणों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति, सरकारी योजनाओं का लाभ तथा ऋण सुविधाओं तक पहुंच अब सुगम हो सकेगी।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री भगवान सिंह उइके (भा.प्र.से.) ने ग्रामीणों से अपने परिवार के सभी सदस्यों के बैंक खाते खुलवाने का आह्वान किया, जिससे वे औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जुड़कर देश की अर्थव्यवस्था में भागीदारी कर सकें। उन्होंने शाखा के सुचारू संचालन एवं विकास के लिए पूर्ण प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### वित्तीय एवं साइबर धोखाधड़ी रहें सतर्कः ओंकार नाथ सिंह

कार्यक्रम के अंत में उप क्षेत्रीय प्रबंधक श्री ओंकार नाथ सिंह ने बढ़ते वित्तीय एवं साइबर धोखाधड़ी के मामलों के प्रति लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी तथा किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी होने पर तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की अपील की, ताकि नुकसान को कम किया जा सके और समय रहते कार्रवाई संभव हो सके। उन्होंने सभी गणमान्य अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रभावी एवं निर्बाध बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### रसेला में मोबाइल सिग्नल समस्याः ग्रामीण प्रभावित, ऑनलाइन कार्य बाधित

**रसेला।** रसेला में पिछले दो-तीन माह से सिग्नल में बहुत परेशानी हो रही है,जिस कारण से नेट से संबंधित किसी भी प्रकार का कार्य नहीं हो पा रहा है। च्वाइस सेंटर से लेकर व्यक्तिगत रूप से जिओ मोबाइल चलाने पर बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते आनलाइन पेमेंट, आनलाइन कैवैसी का फ़ार्म भरने, परीक्षा फॉर्म भरने, जैसे सैकड़ों कार्यों में बाधाएं उत्पन्न हो रही है।

रसेला निवासी मोहन नायक, राघवेंद्र यादव, वेदव्यास निषाद, नूतन निषाद, कुलेश मरकाम,भानु कोमर्रा,राजा कोमर्रा,शिव ठाकुर, शिवशंकर जयसवाल, रितुराज सिन्हा, धनंजय ध्रुव, महेश्वर निषाद, धर्मेंद्र यादव ने बताया कि आज ही मैंने अपने जिओ सिम को पोर्ट कर अन्य कंपनी में प्रवेश किया है, ताकि भविष्य में और किसी प्रकार की सिग्नल में परेशानी न हो। उन लोगो ने यह भी बताया कि पिछले डेढ़ माह से कई बार इस संबंध में शिकायत भी की गई है, लेकिन अभी तक उसका निराकरण नहीं किया गया। टावर की दूरी गांव से लगभग 2 किलोमीटर पर स्थित है, उसके बाद भी गांव में समस्या बनी हुई है। इस प्रकार जवाब आया है। वहीं आसपास के सभी गांवों में शाम के बाद सबसे ज्यादा समस्या की बात कही है। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि आज के आधुनिक युग में बिना नेटवर्क के कोई भी काम नहीं किया जा सकता, इससे सभी आनलाइन, कामों में बाधाएं उत्पन्न होती है।

# रसेला में जलस्तर गिरावटः गर्मी में पेयजल संकट की आशंका



**रसेला।** अंचल के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अभी से जलस्तर में लगातार गिरावट देखी जा रही है, जिससे आने वाले गर्मी के दिनों में पेयजल संकट गहराने की आशंका जताई जा रही है। खेतों में लगे हैंडपंप और नलकूपों से पानी का दबाव कम हो गया है, वहीं कई स्थानों पर जल स्रोत लगभग सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि फरवरी माह में ही इस तरह की स्थिति बनना बेहद चिंताजनक है, क्योंकि अप्रैल और मई में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में खेती, पशुपालन और घरेलू उपयोग के लिए मुख्य रूप सें भूजल पर ही निर्भरता है। वर्तमान में कई किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे फसलों पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है। जल स्तर गिरने से गांवों में पीने के पानी की उपलब्धता प्रभावित हो रही है और लोगों को वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर होना पड़ रहा है। कुछ लोगो का मानना है कि लगातार बढ़ते बोरवेल, कम वर्षा और जल संरक्षण के प्रति लापरवाही इसके प्रमुख कारण हैं। तालाब, कुएं और परंपरागत जल स्रोतों की समय पर सफाई और संरक्षण नहीं होने से वर्षा का पानी संचित नहीं हो पाता, जिससे भूजल रिचार्ज की प्रक्रिया कमजोर हो जाती है। इसका सीधा असर जलस्तर पर दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि समय रहते ठोस कदम उठाए जाएं। गांवों में जल संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, पुराने तालाबों और कुओं का जीर्णोद्धार कराया जाए तथा वर्षा जल संग्रहण को अनिवार्य किया जाए। इसके साथ ही खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत और नए जल स्रोतों की व्यवस्था भी की जाए।

# ठेठवार यादव समाज छुरा राज वार्षिक अधिवेशन 22 को

**रसेला।** जगतगुरु श्रीकृष्णचंद्र जी की असीम कृपा से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ठेठवार यादव समाज छुरा राज का वार्षिक अधिवेशन 22 फरवरी दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम सत्र इष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना कर किया जाएगा। तत्पश्चात समाज के पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान एवं उद्बोधन होगा। इस वर्ष मूलधन एवं व्याज राशि पंच के माध्यम से 21 फरवरी दिन शनिवार को समय दोपहर 12 बजे से जमा करेंगे। साथ ही सामाजिक भवन निर्माण के लिए दान राशि को जमा करियेगा। इस वर्ष समाज के 3 वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर पदाधिकारियों का चयन या चुनाव किया जाएगा। दोपहर 1 बजे भोजन अवकाश के बाद 2 बजे से महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा व निर्णय प्राप्त आवेदन पत्रों पर सुनवाई एवं निर्णय होगा, साथ ही कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक आय व्यय,लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। इस वार्षिक अधिवेशन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अध्यक्ष शंकरलाल यदु, सचिव देवनारायण यादव, कोषाध्यक्ष खेमलाल यादव, छुरा राज ठेठवार समाज के संरक्षण तिलक राम,दुखूराम, आदित्य राम, प्रहालद, सतुराम, राजेश, प्रवीण यादव, अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ गोवर्धन यदु, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सरिता यदु, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ संजीव यदु, राज ठेठवार देवेंद्र यादव,राज महतो भरत लाल यादव, समाज के सलाहकार धनीराम यादव, लोकराम, दिगम्बर, यशवंत, कन्हैया यादव, विधि सलाहकार होमेश्वर, उपाध्यक्ष योगेश्वर, तरूण यादव, अंकेक्षक अयोध्या प्रसाद,सहअकेक्षक नविश यादव, सह सचिव ओमप्रकाश,योगेश यादव, उपकोषाध्यक्ष ढपेन्द्र यादव, प्रवक्ता ओमप्रकाश यादव, संगठन मंत्री गोपीराम,टेकेन्द्र यादव, मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर, चमनलाल यादव, सहित समाज के सभी पंचगण एवं ठेठवार यादव समाज छुरा राज के समस्त पदाधिकारीगण एवं समस्त सदस्यगण जुटे हुए हैं।

# खिलाड़ियों का हुआ जोरदार स्वागत



**राजिम।** ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता जय मां चंडी क्रिकेट क्लब कुटेना के तत्वावधान में फाइनल मुकाबला पांडुका वर्सेस सेमराडीह के बीच खेला गया जिसमें उपविजेता पांडुका टीम को पांडुका पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व महामंत्री नागेंद्र साहू, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष जवाहर शर्मा, गौतम साहू ने जोरदार स्वागत किया। कप्तान किट्टू तारक, अल्ताफ खान, कुलदीप, rpan>, पूर्वज, विनोद, मेघु, आशीष, चंदन उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### राजिम मेला समाप्त, लेकिन...

गुणवत्ता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष मेले के बाद यही स्थिति बनती है और कुछ दिनों तक नदी क्षेत्र कचरे का अड्डा बना रहता है। यदि समय रहते सफाई नहीं हुई, तो यह गंदगी सीधे नदी की पानी को प्रदुषित कर सकती है। महामारी फैल सकता है। लोगो के जीवन के ऊपर संकट का बादल मंडरा सकता है। लोग प्रशासन से अपेक्षा कर रहे है कि तत्काल विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। नदी तट से समस्त कचरा और मलमा हटाया जाए। भविष्य के मेलों के लिए पोस्ट-इवेंट क्लीनअप प्लान अनिवार्य किया जाए। प्लास्टिक और थर्माकोल पर सख्ती से प्रतिबंध लागू किया जाए। मेले में दुकान लगाए दुकानदारो की भी जिम्मेदारी तय की जाए। केवल प्रशासन को दोष देना पर्याप्त नहीं।

### उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व...

लकड़ी, मछली तस्करों और शिकारियों के जियो–टैग किए गए वीडियो बनाने की क्षमता रखता है (500 मीटर से स्पष्ट जूम के साथ)। ड्रोन की रेंज 05 किलोमीटर है। इन वीडियो का उपयोग माननीय न्यायालयों में प्राथमिक साक्ष्य के रूप में किया जा सकता है। यूएवी में वन्यजीवों का पता लगाने की सुविधा भी है, जिसका उपयोग रेस्क्यू ऑपरेशन में (बिना वन्यप्राणी को परेशान किये सुरक्षित दूरी से ) किया जा सकता है। बिना परमिट के टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में प्रवेश करना गैर–जमानती अपराध है, जिसके लिए न्यूनतम 3 वर्ष की कैद की सजा हो सकती है। यूएवी में डीजीपीएस (डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) मॉड्यूल लगा है, जो वानिकी कार्यों – वृक्षारोपण, घास के मैदान, अतिक्रमण आदि – का सेंटीमीटर स्तर की सटीकता के साथ सटीक डिजिटल मानचित्रण करता है। यूएसटीआर के पास स्वयं का ड्रोन मैपिंग पोर्टल है, जिसके माध्यम से वानिकी कार्यों को आम जनता को प्रदर्शित किया जाता है, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत किया जा सके।

### राजिम–छुरा मुख्य मार्ग...

धार्मिक नगरी होने के कारण यहाँ वर्ष भर श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आवागमन रहता है। वहीं छुरा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग दैनिक कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि उपज के परिवहन के लिए इसी मार्ग पर निर्भर हैं। नई स्वीकृति से न केवल सड़क की चौड़ाई बढ़ेगी, बल्कि गुणवत्ता युक्त निर्माण, बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था और सुरक्षा मानकों का भी ध्यान रखा जाएगा। क्षेत्रवासियो ने विधायक श्री साहू के प्रयासों की सराहना करते हुए इस उपलब्धि के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने लगातार शासन स्तर पर इस मांग को प्रमुखता से उठाया। कई बार विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाया। जिसके परिणामस्वरूप अब प्रशासनिक स्वीकृति मिल सकी है।

**क्षेत्रवासियों ने विधायक निवास पहुंचकर जताया आभार** : दशकों पुरानी मांग पूरी होने से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। इस महत्वपूर्ण कार्य की स्वीकृति मिलने की जानकारी होते ही इस मार्ग पर पड़ने वाले गांव पिपरछेड़ी,बेलटुकरी,भैंसातरा,कौंदकेरा,सेमराडीह, तरीघाट, कुंडेल, छुईहा, जमाही, जुनवानी, पक्तियाँ, मंड़ेली, लोहझर तथा छुरा के लोग राजिम पहुंचकर विधायक रोहित साहू का आभार प्रकट किया। आभार प्रकट करने वालो में प्रमुख रूप से राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू,छुरा नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, फिंगेश्वर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सतीश यादव, कुलेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

## विधायक जनक ध्रुव का आरोप – उद्यानिकी विभाग धरातल पर निष्क्रिय

# किसान मेलाः योजनाओं का लाभ न मिलने पर विधायक ने जताई नराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर




माड़ागांव हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान में कृशि विभाग गरियाबंद द्वारा आज बुधवार को जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया गया इस किसान मेला में विधायक जनक ध्रुव ने जमकर नराजगी जताते हुए कहा किसानो को जो योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए नही मिल पा रहा है सरकार योजना बना देती है लेकिन इसके संचालन के लिए सरकार के पास पैसा ही नही है जिसके कारण इसका लाभ नही मिल पा रहा है।

विधायक जनक ध्रुव ने भारी नराजगी व्यक्त करते हुए कहा जिले के उद्यानिकी विभाग के अफसर एवं अधिकारी कर्मचारी मैनपुर देवभोग क्षेत्र में कभी दिखाई नही देते और तो और उद्यानिकी विभाग द्वारा क्या –क्या योजनाओ का संचालन किया जा रहा है इसके बारे में भी क्षेत्र के लोगो को कोई जानकारी नही है। विधायक ध्रुव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा उद्यानिकी विभाग का कार्य कागजो में सिमट कर रह गया है धरातल पर इसका लाभ नही मिल रहा है।

**ये रहे उपस्थित :** देवभोग ब्लॉक के मांडागांव से किसान मेला का शुभारंभ बिन्द्रानवागढ़.विधायक जनक ध्रुव ने किया कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष पद्मलया निधि, उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष भगवानों बेहेरा, जगमोहन पटेल, शंकरलाल नागेश, शोभाचंद पात्र, असलम मेमन, देवभोग नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश तिवारी, जनपद सदस्य सुनीता दौरा, पूर्व जिपं सदस्य धनमति यादव, सुशील यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मंच पर मौजूद रहे। कृषि उपसंचालक चंदन राय, वरिष्ठ कृषि अधिकारी ललित यादव, मत्स्य निरीक्षक लुकेश बंजारे, उद्यानिकी व पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तेजराज ठाकुर एवं यशवंत बघेल ने किया।

**साझा की योजनाओं की जानकारी :** किसान मेला में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की जानक फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण, उद्यानिकी एवं पशुपालन की अनुदान योजनाएं, लाभान्वित किसानों का सम्मान कर उनके अनुभव भी साझा कराए गए।

### उद्यानिकी विभाग के कार्य पर भाजपा नेताओ व किसानो ने भी जताई नराजगी

कृशि विभाग द्वारा आयोजित इस किसान मेला के दौरान भाजपा के स्थानीय नेताओ एवं जनप्रतिनिधियो के साथ किसानो ने भी भारी नराजगी जताते हुए उद्यानिकी विभाग के अफसरो के कार्यशैली पर सवाल खड़े किया है साथ ही इस मामले की शिकायत गरियाबंद कलेक्टर एवं जिले के प्रभारी मंत्री और मुख्यमंत्री से करने की बात कही है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवानों बेहेरा ने उद्यानिकी विभाग द्वारा समय पर जानकारी उपलब्ध नहीं कराने पर नाराजगी जताई। क्षेत्र के किसान विद्याधर मांझी, सुरेश पात्र, डोमेश कुमार, राघवेन्द्र ठाकुर व क्षेत्र के किसानो ने भी कहा उद्यानिकी विभाग के अधिकारी कर्मचारी मैनपुर देवभोग क्षेत्र में दिखाई ही नही देते और इस विभाग के द्वारा कुछ वर्श पहले जो कार्य किया गया है उसकी जॉच किया जाये तो लाखो का भ्रष्टाचार उजागर होगा साथ ही लोगो ने इस विभाग के लापरवाह कर्मचारियो पर कार्यवाही की मांग किया है।

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षु वनरक्षकों ने किया वनभैंसा संरक्षण संवर्धन केन्द्र का भ्रमण

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन विद्यालय सक्ती से आये प्रशिक्षु वनरक्षकों को वनभैंसा संरक्षण एवं संवर्धन प्रक्षेप का भ्रमण कराया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को वनभैंसा संरक्षण– संवर्धन की कार्यविधि के साथ– साथ अतिक्रमण हटाने में सैटेलाइट इमेजरी, ड्रोन मैपिंग के उपयोग, हाथियों की निगरानी हेतु गज संकेत ऐप, पेट्रोल ऐप, इकोलॉजी ऐप, टाईगर रिजर्व क्षेत्र में पाए जाने वाले विशेष प्रजाति जैसे शाहिन फाल्कन, मालाबार हॉर्नबिल फ्लार ब्लैक पैंथर के बारे में जानकारी दिया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.एन.सोनी, चंद्रबली ध्रुव रेंज ऑफिसर दक्षिण उदंती, नोहरलाल नायक कार्यालय प्रभारी सहायक संचालक उदंती मैनपुर द्वारा भी बेहतर प्रबंधन हेतु टाईगर रिजर्व में चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर अपना अनुभव साझा किया गया।

### कसेकेरा में राम कथा का हुआ समापन

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम कसेकेरा में महायज्ञ का पांचवे दिन कथा का समापन हुआ। चौथे दिन कन्या भोज प्रसादी वितरण पांच दिवसीय रामचरित मानस महायज्ञ का चौथा दिन सुबह गुरुदेव गोवर्धन शरण ब्यास महाराज जी के सानिध्य में हवन पूजन के साथ शुरू हुआ हवन पश्चात कन्या भोज प्रसादी बांटी गई। दोपहर 12 बजे से साध्वी देवी जया गौतम जी परमेश्वरी मंदिर पिथोरा (चित्रकूट उत्तर प्रदेश) की मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र की मार्मिक कथा श्रवण का सौभाग्य सभी उपस्थित जनों को प्राप्त हुआ 4 बजे शाम को श्री गुरुदेव के सानिध्य में शोभा यात्रा में सभी जजमानों एवम समस्त ग्रामवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ आज के कार्यक्रम में सोरिद करपीदादार लोहघर नावाडीह अमेठी सजापली भैरा नवापारा आदि गांव के भारी संख्या में श्रद्धालु गण महायज्ञ में सम्मिलित हुए।

## निधन

### कृष्णा देवी जगवानी



**नवापारा राजिम।** नवापारा के प्रतिष्ठित परिवार के कृष्णा देवी जगवानी का निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया वे श्री पूज्य सिंध पंचायत नवापारा राजिम के सदस्य अनिल, सुरेश,पूरण जगवानी की माता थी।

### पुरनमल ध्रुव



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम भैरा निवासी पुरनमल ध्रुव जोहार आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष के छोटे भाई टिकेश्वर ध्रुव का निधन 18 फरवरी दिन बुधवार को हो गया।वे कोंडागांव जिले के पुंगारपाल में पदस्थ छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 22 वीं बटालियन डी कंपनी के आरक्षक क्र.213 में पदस्थ थे जिसके अचानक स्वास्थ्य खराब होने की वजह से अस्पताल में भर्ती होने के बाद आकस्मिक निधन हो गया। जिनके अंतिम माटी नेंग का कार्यक्रम निवास ग्राम भैरा(नयापारा) में किया गया है। उनके अंतिम यात्रा में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज एवं परिजन बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी गई।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**// ज्ञापन //**

क्रमांक/Q/ तह./ रीडर/ 2025
फिंगेश्वर, दिनांक 18/02/2026
प्रति,
हल्का पटवारी 06, ग्राम- खैरझिटी
विषयः- जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत।

आवेदक दिनेश शुक्ला पिता उमाशंकर शुक्ला जाति ब्राम्हण निवासी खैरझिटी प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. फिंगेश्वर, तहसील-फिंगेश्वर जिला-गरियाबंद (छ.ग.) ने इस न्यायालय में आवेदन पेश कर अपने दादा शिवशंकर पिता ओंकार प्रसाद की मृत्यु दिनांक 10/11/1990 ग्राम खैरझिटी में हुआ है। जिसकी मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका नियत तिथि 04/03/26 को नियत किया गया है।

उक्त संबंध में जांच प्रतिवेदन नियत तिथि तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

मुहर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी फिंगेश्वर जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

---

### टाइगर रिजर्व क्षेत्र में सड़क निर्माण अधूरा, 18 साल बाद भी 10 किमी मार्ग बाकी

# मैनपुर की पहाड़ियों पर बसे ओढ़–आमामोरा अब भी विकास से दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश के मिनी कश्मीर के नाम से मशहूर दुर्गम पहाड़ी के उपर बसे ग्राम पंचायत आमामोरा एवं ओढ़ की तकदीर और तस्वीर आज आजादी के 79 वर्षों बाद भी नही बदली टाइगर रिजर्व क्षेत्र होने के कारण सड़क निर्माण में रोक लगने के चलते 18 वर्षों बाद भी सड़क निर्माण कार्य अधुरा पड़ा हुआ है जबकि इस मार्ग में सड़क निर्माण के लिए 24 बार टकल चुका है और 12 किमी सड़क निर्माण कार्य पूरा हो चुका है 10 किमी अभी भी अधुरा है जिसके कारण विकास की रौशनी इन ग्रामो तक नही पहुंच पा रही है।

- **बिजली, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे 2500 ग्रामीण**









पहाड़ी के उपर बसे विशेष पिछड़ी कमार जनजाति आदिवासी बाहूल्य ग्राम पंचायत ओढ़ एवं आमामोरा के आश्रित ग्रामो के ग्रामीणो को पेयजल के लिए मीलो पैदल दूरी तय करते है और झरिया खोदकर पानी लाते है तब कही जाकर उनकी प्यास बुझती है स्वास्थ्य सुविध का हाल बेहाल है आज भी यहां के ग्रामीणों को इलाज के लिए मैनपुर गरियाबंद या तो ओड़िसा के सोनाबेड़ा जाना पड़ता है अभी तक गांव में बिजली की रौशनी नही पहुंची है सौर उर्जा लगया गया है लेकिन वह महज घंटा दो घंटा जलने के बाद पूरी रात ग्रामीणों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 36 कि.मी. दूर पहाड़ी के उपर लगभग 2000 मीटर उंचाई में बसा ग्राम पंचायत ओढ़ है ग्राम पंचायत ओढ़ के आश्रित ग्राम हथौड़ाडीह अमलोर,नगराल,सरईपारा एवं यहां से 8 कि.मी. दूर पहाड़ी के उपर एक दूसरे ग्राम पंचायत आमामौरा है जिसके आश्रित ग्राम जोकपारा,कुकराल है दोनो ग्राम पंचायत ओढ़ एवं आमामोरा की जनसंख्या लगभग 2500 के आसपास है और यहां विशेष पिछड़ी कमार जन जाति के साथ आदिवासी बाहूल्य ग्राम पंचायत है इन दोनो ग्राम पंचायतो में सबसे बड़ी समस्या यह है कि आजादी के सात दशक बाद भी बिजली की रौशनी नही पहुंची है गांव में सौरउर्जा प्लांट लगाया गया है लेकिन वह जर्जर हो गया है इसके देख रेख करने वाला के्रड़ा विभाग द्वारा ध्यान नही दिया जाता।

### नही है स्वास्थ्य की सुविधा इलाज के लिए ओड़िसा जाने मजबूर

पहाड़ी के उपर ओढ़ आमामोरा ग्राम पंचायत एवं आश्रीत ग्रामो के लोगो के द्वारा वर्षो से यहां एक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की मांग किया जा रहा है यहा गंभीर घटना दुर्घटना और अत्यधिक बीमार होने पर ग्रामीण मरीज मैनपुर या जिला मुख्यालय गरियाबंद ले जाते है यहां से महज 15 कि.मी. दूर ओड़िसा के सोनाबेड़ा गांव लगा है जहां इलाज के लिए जाना मजबूरी है वैसे तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां दो स्वास्थ्य कार्यकर्ता की नियुक्ति किया गया है जो सप्ताह में दो दिन जाते है लेकिन यह प्रर्याप्त नही है यहां स्थाई रूप से उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलकर स्वास्थ्य सुविधाए उपलबध कराने की मांग ग्रामीणों ने किया है मितानीन बहने इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा की बागडोर सम्भाले हुए है उनके द्वारा गांव पारा टोला तक पहुंचकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सवुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश किया जाता है।

### झरिया खोदकर प्यास बुझाते ग्रामीण महिलाओं को दूर से लाना पड़ता है पानी

पहाड़ी के उपर बसे आमामोरा,ओढ़ एवं आश्रित ग्रामो में हेण्डमप लगाया गया है लेकिन हेण्ड का पानी आयरन युक्त लाल होने के कारण इसका उपयोग ग्रामीण नही कर पाते क्योकि इस पानी से दाल,चावल चाय नही बन पाता मजबूरन ग्रामीण महिलाए मिलो पैदल दूरी तय कर झरीया खोदकर पानी लाकर प्यास बुझाते है कई गांव में पानी की टंकी लगया गया है जो खराब पड़ा हुअ है और तो और कुए का भी पानी का उपयोग ग्रामीण करने मजबूर हो रहे है।

### ग्रामीणों ने की मूलभूत सुविधा उपलबध कराने की मांग

ग्राम पंचायत ओढ़ की सरपंच राजिबाई सोरी एवं आमामोरा सरपंच अर्जुन लाल कमार, उपसरपंच लखन यादव, लखमु कमार, पोटोसिंहं, नंदलाल, मनोज, सुंदरसिंह, निरंजन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गरियाबंद के कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर से मांग किया है कि ग्राम आमामोरा ओढ़ तक पक्की सड़क, बिजली,स्वास्थ्य सुविधा, उपस्वास्थ्य केन्द्र, बालिका आश्रम, हाईस्कूल, खोलने के साथ ही मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

---

## रेस्ट हाउस नहीं, मैनपुर के बस स्टैंड पर जनता से मिले पूर्व विधायक उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर



राजिम क्षेत्र के पूर्व विधायक होने के बावजूद संतोष उपाध्याय को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मैनपुर इलाके के लोग उनसे मुलाकात करने बड़ी संख्या में पहुंचते है और संतोश उपाध्याय जब भी देवभोग क्षेत्र के दौरे पर आते है तो मैनपुर के बस स्टैंड स्थित चाय दुकान में बैठकर लोगो के बीच चाय की चुस्की के साथ एक दूसरे से हालचाल जानना मुलाकात करना उनका पहचान बन गया है यह सिलसिला अभी का नही है जब वह राजिम के विधायक थे तब भी मैनपुर के चाय दुकान में ही बैठकर लोगो से मुलाकात करते थे। आज मंगलवार को लंबे समय के बाद राजिम के पूर्व विधायक संतोश उपाध्याय मैनपुर पहुंचे इसकी जानकारी लगते ही बड़ी संख्या मे नगर व क्षेत्र लोग उनसे मुलाकात करने पहुंचे इसके पीछे मुख्य कारण पूर्व विधायक उपाध्याय का सरल सुलभ व्यवहार और जनता के सीधा जुड़ाव।

रेस्ट हाउस की राजनीति से दूर जमीनी स्तर पर जनता से घुल मिलकर उनसे चर्चा करना उनके बातो को सुनना बताया जाता है। राजिम विधायक के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा भी पहुंचे थे। राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने चर्चा में बताया कि वह मैनपुर के गोहरापदर भाजपा नेता गुरूनारायण तिवारी के निवास एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे है उन्होने बताया मैनपुर और पूरे क्षेत्र के लोगों के साथ उनका बहुत पुराना मित्रता है लोगो का प्रेम है कि उनसे मुलाकात करने पहुंचते है और वह भी बगैर मुलाकात करे आगे नही जाते। श्री उपाध्याय ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो के संबंध में चर्चा किया।

---

**विद्यार्थियों को आधुनिक विपणन तकनीकों का दिया गया व्यावहारिक**

## आईएसबीएम विवि में स्टार्ट-अप सेल्स व मार्केटिंग पर हुई विशेष कार्यशाला



**छुरा।** आई एस बी एम यूनिवसिटी "स्टार्ट-अप के लिए प्रभावी सेल्स एवं मार्केटिंग रणनीतियाँ" विषय पर आयोजित एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल द्वारा सेमिनार हॉल में आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं नवोदित उद्यमियों को आधुनिक विपणन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, कुलसचिव, आईआईसी के अध्यक्ष एवं संयोजक सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में स्टार्ट-अप की सफलता के लिए प्रभावी सेल्स एवं मार्केटिंग रणनीतियों का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार, आत्मविश्वास और व्यावहारिक कौशल के साथ उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**व्यावहारिक सीख पर जोर, स्टार्ट-अप संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा :** इन सभी विशेषज्ञों के क्षेत्रानुसार व्याख्यानों ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के विभिन्न आयामों की गहन और व्यावहारिक समझ प्रदान की। कार्यशाला के दौरान इंटरैक्टिव सत्र, रियल-टाइम केस स्टडी, लाइव पिच प्रैक्टिस तथा नेटवर्किंग गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने समूहों में कार्य करते हुए अपने स्टार्ट-अप आइडियाज प्रस्तुत किए और विशेषज्ञों से सीधे सुझाव प्राप्त किए, जिससे उनका आत्मविश्वास, संप्रेषण कौशल और टीमवर्क की भावना सुदृढ़ हुई। कार्यक्रम के अंतर्गत लगाए गए विभिन्न स्टॉलों में विद्यार्थियों ने अपने नवाचार, उत्पादों एवं प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। इन स्टॉलों ने प्रतिभागियों को वास्तविक बाजार परिस्थितियों का अनुभव कराया और उन्हें व्यावहारिक विपणन कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान किया। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**नवाचार एवं स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा :** विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस कार्यशाला को में उद्यमिता, नवाचार एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। विश्वविद्यालय ने आशा व्यक्त की कि इस कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव विद्यार्थियों को भविष्य में सफल उद्यमी बनने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करेगा और क्षेत्र में स्टार्ट-अप संस्कृति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

---

## राजिम में हुआ संकुल स्तरीय प्रतिभा सम्मान एवं पालक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम





- **संकुल केंद्र पोड़ द्वारा गुरुकुल विद्यालय, सिरकट्टी कुटेना में हुआ आयोजन**

विकासखंड छुरा अंतर्गत संकुल केंद्र पोड़ द्वारा संकुल स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं पालक सम्मेलन का भव्य आयोजन गुरुकुल विद्यालय परिसर, पावन धाम सिरकट्टी कुटेना में सपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर एवं जिला सांख्यिकीय अधिकारी श्याम चंद्राकर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रेमदास मार्कंडेय राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक सुरेश कुमार शर्मा,भागचंद चतुर्वेदी, ओमेश्वरी साहू,संकुल समन्वयक जितेंद्र साहू की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। इस अवसर पर शैक्षणिक क्षेत्र, किचन गार्डन, बालबाडी, गौ विज्ञान परीक्षा, रास्ट्रीय साधन छात्रवृति परीक्षा, नवोदय परीक्षा एवं अन्य विभिन्न प्रतियोगी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करना तथा उन्हें निरंतर उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करना रहा।पालक सम्मेलन में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। इसी बीच संकुल पोंड के तीन उत्कृष्ट पालको को भी सम्मानित किया गया। सम्मेलन के माध्यम से शिक्षकों एवं पालकों के बीच संवाद स्थापित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास, नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन पर विस्तार से चर्चा की गई।

**डिजिटल शिक्षा एवं अनुशासन के महत्व पर डाला प्रकाश :** मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने अपने आशीर्वचन में कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार निर्माण की आधारशिला है। बच्चों की सफलता में शिक्षकों के साथ-साथ पालकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि घर और विद्यालय का समन्वय सुदृढ़ हो, तो निश्चित ही विद्यार्थी उच्च शिखरों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी तथा डिजिटल शिक्षा एवं अनुशासन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। जिला सांख्यिकीय अधिकारी श्याम चंद्राकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जिम्मेदार नागरिक हैं। शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने पालकों से बच्चों की पढ़ाई में नियमित सहयोग एवं मार्गदर्शन देने का आग्रह किया। कार्यक्रम को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रेमदास मार्कंडेय, राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत प्रधानपाठक सुरेश शर्मा, भागचंद चतुर्वेदी, ओमेश्वरी साहू ने भी संबोधित कर कार्यक्रम की सराहना कर बच्चों को प्रेरित किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्राचार्य गुरुकुल परमेश्वर ध्रुव, प्रधान पाठक बालमुकुंद सिंह ठाकुर, देवकांत सिन्हा,तोमन साहू, दीपा वर्मा, सोमप्रकाश साहू ,लालजी सिन्हा सहित,गणमान्य नागरिक चमनलाल साहू, दयानन्द महिलांगे, निर्मल तारक, खोमलाल निषाद एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। संपूर्ण आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा यह प्रतिभा सम्मान एवं पालक सम्मेलन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी सिद्ध हुआ।

---

## रिसर्च मेथाडोलॉजी पर हुई राष्ट्रीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर

शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर में 16 से 28 फरवरी तक कॉमर्स विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला रिसर्च मेथाडोलॉजी संपन्न हुई। कार्यशाला के प्रथम दिवस में शा.पं.श्यामा चरण कॉलेज डॉ. सुनीता दुबे ने रिसर्च के आधार एवं टॉपिक चयन पर व्याख्यान दिया। द्वितीय दिवस पर राजकोट गुजरात की डॉ. कार्वी राठौर ने शोध पद्धति के विविध आयामों पर प्रकाश डाला। अंतिम दिवस पर डॉ. राजीव चौधरी ने डाटा एनालिसिस एवं डिसर्टेशन राइटिंग पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार शुक्ला,डॉ मोना चौहान,क्रीडाधिकारी वीरेन्द्र कुमार जांगड़े व विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापक सहित सैकड़ो प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया।



---

## बारूला स्कूल में न्योता भोज हुआ बच्चों के चेहरों पर झलकी खुशी



**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला बारूला में न्योता भोज आयोजन किया गया। संस्कृत के सुभाषित वाक्यों में शुभस्य शीघ्रम की बात कही जाती है अर्थात शुभ कार्य में शीघ्रता की जानी चाहिए। एक ऐसे ही शुभ कार्य के पहल करते हुए संतोष साहू वरिष्ठ नागरिक अपने पुत्र एवं पुत्री गुलशन साहू एवं दुर्गेश्वरी साहू के विवाह के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक शाला बारूला में न्योता भोज कराया।

इस अवसर पर न्योता भोज के तहत बच्चों को दाल,चावल,सब्जी के अलावा खीर,पूड़ी,मिक्चर परोसा गया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी। इसंकुल प्राचार्य रामनारायण मिश्रा ने विवाहित जोड़े को बधाई देते हुए कहा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं, ताकि बच्चों को और ज्यादा पोषण–आहार मिल सके। उन्होंने आगे बताया कि जो व्यक्ति विद्यार्थियों को भोजन कराना चाहते हैं,उन्हें इसकी जानकारी पूर्व में ही देनी होगी। न्योता भोज के तहत व्यक्ति या संस्था विभिन्न त्योहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ,जन्मदिन,विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर छात्रों को भोजन करा सकेंगे।

**आयोजन समानता और अपनेपन की भावना को देता है बढ़ावा :** पूरन लाल साहू व्याख्याता ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई एक अभिनव पहल है जिसका उद्देश्य स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के अलावा बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन कराना है जो बच्चों में समानता और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देता है। ऐसे मौके पर सामुदायिक सहभागिता का विकास होता है। सुखदेव राम साहू सरपंच ने न्योता भोज कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर रामनारायण मिश्रा संकुल प्राचार्य, पूरन लाल साहू व्याख्याता, सुखदेव राम साहू सरपंच, प्रधानपाठक लता धुरव, शिक्षक मोती धुरव, हीरामन साहू, कमलकांत सेन, अशोक साहू,दर्शन साहू,जीतेन्द्र साहू, संतोष साहू, गुलशन साहू,सुखराम साहू, तेजबाई, दुलारी बाई,पूर्णिमा साहू, दुर्गेश्वरी साहू,कमल साहू,केसर साहू, राधिका साहू व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बसंत आते ही खिल उठे टेसू के फूल



**मैनपुर।** मैनपुर वनांचल क्षेत्र में इन दिनो पलाश, सेम्हर का फूल अपने प्रारंभिक दौर में है बसंत का यह माह अपने साथ खुबसूरती लेकर आता है सेम्हर का सुर्ख चटक लाल फूल खिल उठा तहसील मुख्यालय मैनपुर हरदीभाठा मार्ग में सेम्हर के पेड पर यह फूल लोगों को अपनी ओर आकर्शित कर रहा है। इस फूल से आयुर्वेदिक दवा भी बनाया जाता है।

### हाईस्कूल मैनपुर की बाउंड्रीवाल जगह -जगह से धराशाही



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के चारों तरफ जो आहता निर्माण बाउंड्रीवाल किया गया है वह जगह-जगह से टूटकर धराशाही हो गया है जिसके कारण असमाजिक तत्व और मवेशियो का झुंड अंदर घुस जाता है साथ ही लंबे समय से इस बाउंड्रीवाल मरम्मत की मांग किया जा रहा है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं देने के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।

### भ्रष्टाचार के आकण्ड में डूबे लोगों को भाजपा को जरूरत नहीं : मुरलीधर

**रसेला।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहसंयोजक



मुरलीधर सिन्हा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के उस ब्यान का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि यह एक शिगूफा है और पूर्व मुख्यमंत्री का सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए दिया गया ब्यान है, उन्होंने कहा कि यह कोरी कल्पना बात है । श्री सिन्हा ने बताया कि सन 2018 में छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस की सरकार धोखे से बन गई थी और अपने पांच साल के कार्यकाल में पाताल से लेकर आकाश तक भ्रष्टाचार में भूपेश सरकार डूबी थी, पांच साल के कार्यकाल में सत्ता से जाते ही अधिकांश कांग्रेसी नेता या तो जेल में है या बेल है, मौका का नजाकत देखते हुए अधिकारियों ने भी बहती गंगा में हाथ धो लिये जिसमें से कुछ जेल में है अथवा वो भी बेल (जमानत) पर है, यहां तक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के सुपुत्र ने भी लपेटना नहीं छोड़ा जो अभी जमानत में है और कोर्ट कचहरी का परिक्रमा करना पड़ रहा है । पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सचिवालय में रही राज्य प्रशासनिक अधिकारी सौम्या चौरसिया ने अकूत संपत्ति अर्जित कर ली थी जो भूपेश सरकार जाते ही घोटाला का उजागर हुआ और जेल की हवा खाने से बच नहीं पाई, जांच एजेंसियां आय से अधिक अर्जित संपत्ति को अटैच कर ली हैं।

# छुरा के खिलाड़ियों ने मास्टर एथलेटिक्स में लहराया परचम, प्रदेश की झोली में आए 69 पदक

**25 स्वर्ण, 22 रजत और 22 कांस्य जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की**

**छुरा।** 13 से 15 फरवरी तक जबलपुर में आयोजित 45वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता जबलपुर में देशभर के 21 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से 45 सदस्यीय महिला पुरुष एवं मास्टर एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष के नेतृत्व में सम्मिलित हुए छुरा विकासखंड के खिलाड़ीगण प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में 25 स्वर्ण 22 रजत एवं 22 कांस्य पदक प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ मास्टर एथलेटिक संघ के अध्यक्ष नवी मोहब्बत, मैनेजर अशोक नायडू, कोच गुलाब नंद का विशेष सहयोग रहा। श्रीमती चित्रा नागेश व्याख्याता शासकीय उच्चतर विद्यालय मुरमुरा 45 प्लस महिला वर्ग में 200 मीटर में दौड़ द्वितीय स्थान, 100 मीटर हडल दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जागेश्वर ध्रुव शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पंक्तियां 50 प्लस पुरुष वर्ग में 5 किलोमीटर दौड़ में 5 किलोमीटर पैदल चाल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। संजीत कुमार निषाद (पीटीआई) शासकीय उच्चतर विद्यालय पीपरछेड़ी 30 प्लस पुरुष वर्ग 110 मी हर्डल दौड प्रथम स्थान, 4 × 100 रिले दौड़ प्रथम स्थान, 400 मी हर्डल दौड प्रथम स्थान, 400 मी दौड़ तृतीय स्थान, 4×400 मीटर रिले दौड़ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिमा मानिकपुरी व्याख्याता पिपरछेड़ी 45 प्लस महिला वर्ग में 5 किलोमीटर में पैदल चाल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।




### कुशल मार्गदर्शन और सहयोग

प्रेम नागेश सहायक शिक्षक शासकीय उच्चतर विद्यालय मुरमुरा 45 प्लस पुरुष वर्ग 110 मी हर्डल में प्रथम स्थान, लंबी कूद में द्वितीय स्थान, 100 मीटर में प्रथम स्थान, 4× 100 मी रिले दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर खेल अधिकारी अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एल मतावले, समाजसेवी शीतल ध्रुव, पंकज साहू, राजू साहू, रामप्रसाद साहू, पूरन साहू, खिलेश्वर साहू, डोमेश्वर, ध्रुव, टंकेश्वर मरकाम, शिव ठाकुर, पूनम चंद्राकर ,यूनुस खान, राजकुमार लहरें, गिरवर निषाद राजेश्वरी ठाकुर, चंद्रिका साहू, निर्मला ठाकुर, तनुजा ध्रुव, श्यामा नेताम, हीरालाल साहू, यादराम साहू, पुनीत राम ठाकुर, रूपनाथ बंजारे, संस्था प्रमुख, खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दिया।

## देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के उप कुलसचिव का आत्मीय स्वागत

# राजिम भक्तिन माता की जीवन गाथा पाठ्यक्रम में शामिल हो : उप कुलसचिव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

■ समाज प्रमुखों से कर रहे हैं सौजन्य भेंट मुलाकात

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार उत्तराखंड के उप कुलसचिव बलदाऊ देवांगन धर्मनगरी राजिम प्रवास पर पहुँचे। इस अवसर पर उन्होंने वेद माता गायत्री, भगवान श्री राजीव लोचन, श्री कुलेश्वर महादेव तथा राजिम भक्तिन माता मंदिर में दर्शन कर पूरे छत्तीसगढ़ सहित देशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान श्री देवांगन ने नयापारा नगर में अपने बचपन के मित्रों एवं समाजजनों-रवि शंकर साहू, ब्रह्मदत्त शास्त्री, संतोष माखीजा हेमंत गोलछा एवं नजीर अली तथा राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू से सौजन्य भेंट की।

समिति द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों की सराहना करते हुए अध्यक्ष लाला साहू से कहा कि राजिम भक्तिन माता की भव्य प्रतिमा न केवल राजिम नगर, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों में स्थापित होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हरिद्वार में साहू समाज की बड़ी संख्या निवास करती है और वे वहाँ भी राजिम भक्तिन माता की भव्य प्रतिमा स्थापना के लिए समाज को प्रेरित करने का प्रयास करेंगे। तथा छत्तीसगढ़ के पाठ्य पुस्तकों में राजिम भक्तिन माता की जीवन गाथा को शामिल करने के दिशा में कार्य करने की सलाह दिए।इस अवसर पर राजिम भक्तिन माता समिति की ओर से श्री देवांगन को राजिम भक्तिन माता की जीवनगाथा से अवगत कराया गया तथा उन्हें अरपा छत्तीसगढ़ विशेषांक भेंट किया गया, जिसमें राजिम भक्तिन माता के जीवन गाथा की विस्तृत जानकारी है। उल्लेखनीय है कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव बलदाऊ देवांगन मूलतः नवापारा-राजिम के निवासी हैं और छत्तीसगढ़ की संस्कृति से भली-भांति परिचित हैं। वे सरल, सहज स्वभाव से लोगों से संवाद कर देव संस्कृति विश्वविद्यालय की जानकारी दे रहे हैं तथा विद्यार्थियों को वहाँ प्रवेश के लिए प्रेरित कर रहे हैं। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव से भेंट मुलाकात के समय वेदमाता गायत्री मंदिर के सदस्य अमृतलाल साहू, समिति के संगठन मंत्री डॉक्टर ओंकार साहू एवं समाजसेवी रवि शंकर साहू, अनसुइया साहू ,वत्सला देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थीं।



### भारतीय संस्कृति के संवर्धन का संकल्प

उन्होंने जानकारी दी कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार उत्तराखंड भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और मानव मूल्यों के संवर्धन के लिए सतत कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य ऋषि-मुनियों, साधु-संतों, महापुरुषों और देशभक्तों के विचारों को व्यक्ति, परिवार और समाज के जीवन में पुनस्र्थापित करना है। इस दिशा में शांतिकुंज हरिद्वार निरंतर संकल्पित प्रयास कर रहा है तथा विभिन्न सत्रों के माध्यम से जनसामान्य को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर से परिचित कराया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों के लिए अवसर

श्री देवांगन ने बताया कि 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद छत्तीसगढ़ के विद्यार्थी भी देव संस्कृति विश्वविद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं। विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई कराई जाती है। जैसे इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी बैचलर ऑफ कंप्यूटर टूरिज्म एंड मैनेजमेंट पत्रकारिता एवं जनसंचार हिंदी अंग्रेजी संस्कृत एवं इतिहास के साथ-साथ एनीमेशन में स्नातक तथा स्नातकोत्तर में हिंदी संस्कृत अंग्रेजी एवं गणित सहित इतिहास, दर्शनशास्त्र, मानव चेतना, योग विज्ञान, गायन-संगीत, संस्कृति विज्ञान जैसे विषयों की पढ़ाई होती है तथा भारतीय संस्कृति की शिक्षा दी जाती है। साथ ही विद्यार्थियों को आर्ट ऑफ लिविंग अर्थात जीवन जीने की कला भी सिखाई जाती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय से जोड़ने के लिए समाज में जागरूकता लाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# शिक्षा के साथ संस्कृति भी जरूरी: विधायक इंद्रकुमार



**नवापारा-राजिम।** श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक इंद्रकुमार साहू ने दीप प्रज्जवलन किया। इस अवसर पर उन्होने विद्यार्थियों को शिक्षा व संस्कृति के लिए प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय में आयोजित इस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्साह, उमंग और प्रतिभा के रंगों से सराबोर रहा।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विधायक श्री साहू ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कृति भी जरूरी है। शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्कृति और संस्कारों से जुड़कर ही व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रेरणा दी। कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और मंच पर प्रदर्शन करने से नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। साथ ही उन्होंने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि गुरुजन ही विद्यार्थियों के भविष्य के निर्माता होते हैं। महाविद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। महाविद्यालय में आयोजित यह सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी साबित हुआ। विधायक इंद्रकुमार साहू के मार्गदर्शन और शुभकामनाओं ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम ने शिक्षा और संस्कृति के समन्वय का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने की।

### ये रहे मौजूद

विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,जनपद सदस्य वर्षा मिश्रा,भाजपा नेत्री योगिता सिन्हा, पूर्व पार्षद हर्षा कंसारी,जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष जीना निषाद,प्राचार्य मधुरानी शुक्ला सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# परसदा जोशी स्कूल में बच्चों ने किया माता-पिता का सम्मान



**राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला परसदा जोशी के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक शाला प्रांगण में गायत्री प्रज्ञा पीठ के बहनों की उपस्थिति में मातृ - पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने दोनों विद्यालय के अध्ययन अध्यापन की प्रशंसा करते हुए इस प्रकार के कार्यक्रम के लिए शाला प्रबंधन समिति तथा विद्यालय की सराहना की। शाला प्रबंधन समिति के संरक्षक बेनराज सोनी ने भी शाला की पढ़ाई के संबंध में तथा विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में अपने विचार रखें। इस कार्यक्रम में उपस्थित भरत यादव ने पुनः एक बार अपना घोषणा दोहराया कि जो भी विद्यार्थी कक्षा पांचवी और आठवीं में 90% से अधिक अंक अर्जित करेगा उन्हें वह हवाई जहाज की यात्रा कराएंगे। मातृ- पितृ पूजन दिवस के अवसर पर दोनों विद्यालयों के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन भी किया गया था। साथ ही साथ वार्षिक उत्सव - 2026 के पुरस्कारों का वितरण भी किया गया पुरस्कार पाकर सभी बच्चे अत्यंत प्रसन्न और उत्साहित दिखाई दिए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर ग्राम की प्रथम नागरिक सरपंच कुमारी गिनी सोनी,उपसरपंच ज्ञानेश शर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, हार्दिक सोनवानी अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला, योगेंद्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति पूर्व माध्यमिक शाला, बेनराज सोनी, नारायण साहू, ललित साहू, गेंदु निषाद,बरातू राम भारती, यादराम साहू, भूषण ध्रुव, सालिक तारक, गंगोत्री पालकर, पूरन साहू, डेलेंद्र साहू, चंदनलाल सोनी, ज्योति गुप्ता, विकास झा, प्रतिभा साहू, हिमांचल यादव, चेतन रात्रे, रेखा साहू, विद्यालय में अध्यनरत बालक बालिकाओं के माता-पिता तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।



## सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने की पूजा-अर्चना

**राजिम।** महाशिवरात्रि के अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल राजिम पहुंचे। यहां उन्होने भगवान श्री राजीव लोचन और भोलेनाथ श्री कुलेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर रायपुर लोकसभा क्षेत्र,राजिमवासियो एवं समूचे छत्तीसगढ़ के सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना किया। इस अवसर पर उनके साथ राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर,राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू,जनपद सदस्य आशीष पांडेय,सभापति आकाश राजपूत,बादल साहू ,दुर्गेश धीवर,मयंक देवानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

# नवापारा-राजिम में महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य प्राण प्रतिष्ठा

■ वार्ड 14-15 के दुर्गा मंदिरों में भगवान शिव के विभिन्न रूपों का स्थापना समारोह

**नवापारा- राजिम।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर वार्ड 14-15 के दो प्रमुख दुर्गा मंदिरों में भगवान शिव के विभिन्न रूपों की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा ने स्थानीय स्तर पर भक्ति और सामुदायिक एकजुटता का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया। स्थानीय निवासियों के सहयोग से आयोजित इन भव्य धार्मिक आयोजनों ने पूरे मोहल्ले में उत्साह और आस्था की लहर फैला दी।

इस मंदिर में पंडित भागवत मिश्रा के मंत्रोच्चारण के बीच श्री गणेश जी ,शिव परिवार श्री नरमदेश्वर महादेव पिपलेश्वर महादेव की विधिवत स्थापना में यजमान के रूप में ठाकुर निर्मलकर सपत्नीक एवं जुगनू कंसारी सपत्नीक बैठे। इसके साथ ही मोहल्ला के लोग शामिल हुए। हवन के पश्चात सामूहिक आरती, महाप्रसाद भंडारा, सायंकाल में सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ।

**भक्ति के रस में सराबोर हुआ माहौल :** सिंहवाहिनी दुर्गा मंदिर में नवापारा देवाधिदेव महादेव की भव्य प्राण प्रतिष्ठा की गई। मातृशक्तियों ने कलश यात्रा निकाली। वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ विधि-विधान पूर्वक भगवान शिव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। पूजन-अर्चना के उपरांत अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्ति के रस में सराबोर हो गया।

**ये हुए शामिल :** इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमाकांत शर्मा, सनत शर्मा, मदन वैष्णव, जग्गू कंसारी, ठाकुर निर्मलकर, गजानंद यादव, मनोज कंसारी, सुखदेव निषाद, व्यास निषाद, राजीव पुरानिक, रश्मि पुरानिक, दयाराम निषाद, किशन साहू, शंभू निषाद, मनोज निषाद, दयाराम कंसारी, लोकेश साहू, किसन साहू, कमल मिस्त्री, पुनीत निषाद सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी शामिल थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि ये आयोजन सामुदायिक सहयोग का श्रेष्ठ उदाहरण हैं, जिनसे क्षेत्र में धार्मिक भावना के साथ-साथ सामाजिक एकता भी और मजबूत हुई।





# करकरा में शिव महापुराण कथा का हुआ आयोजन

**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** ग्राम करकरा में स्वर्गीय चैतू राम पटेल की स्मृति में तीन दिवसीय गायत्री यज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का आयोजन उनके समस्त कुटुंब परिवार के द्वारा रखा गया। जिसमें प्रातः 11:00 बजे सैकड़ों महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। देव स्थापना करके शिव पुराण की कथा युग पुरोहित परमानंद जी के द्वारा प्रारंभ हुआ जिसमें कथा में कहा गया कि यह जो चैतू राम जी पटेल थे उन्होंने अपने जीवन में अनेकों बरगद का वृक्ष नीम का वृक्ष पीपल का वृक्ष लगा करके हमारे गांव में छाया प्रदान किया। आक्सीजन देने का काम किया.चैतु राम महान प्रतिभा व कला के धनी थे, इन्होंने अपने हाथ से पेंटर व देवी देवताओं की प्रतिमाओं का निर्माण भी करते थे और उन्होंने गरीब से गरीब बड़ों से बड़ों घर जाकर के सेवा प्रदान करते थे। उनके जाने के बाद पूरे गांव में शोक का लहर रहा। इसलिए गांव भर के लोगों के द्वारा उनकी स्मृति में तीन दिवसीय शिव महापुराण कथा आयोजन सभी ग्रामवासियों के द्वारा काम काज बंद करके भोजन प्रसाद का भंडारा रख गया था । जिसमे अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# कन्या शाला में वार्षिकोत्सव हुआ

**नवापारा-राजिम।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं पर आधारित गीत, नृत्य, और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूपेंद्र सोनी उपाध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नागेंद्र वर्मा भा.ज.पा मंडल अध्यक्ष, केकती सोनवानी सभापति, संजय साहू नपाध्यक्ष प्रतिनिधि, उमा कंसारी पार्षद प्रतिनिधि, नोडल प्राचार्य डीके देवांगन, उधोराम तारक ,महेश साहनी विधायक प्रतिनिधि, तुकाराम कंसारी ,रमेश साहनी, शांताबाई बंजारे,शैलेंद्री साहू, लक्ष्मी कंसारी,गोपाल यादव प्रधान पाठक मौजूद थे। कार्यक्रम में प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने विभिन्न पारंपरिक नृत्य और गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। प्रथम पुरस्कार के रूप में 5001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपए, और तृतीय पुरस्कार 2001 रुपए दिए गए। ये पुरस्कार लल्ला सोनवानी अध्यक्ष युवा सतनामी समाज नवापारा ने प्रदान किए। कार्यक्रम में मंच, टेंट और साउंड की व्यवस्था केकती बाई सोनवानी और उनके सुपुत्र लल्ला सोनवानी ने की।सभी बच्चों को स्कूल बैग, प्रशस्ति पत्र, और मोमेंटो दिए गए। वहीं, प्राथमिक विभाग के 157 बच्चों को स्टील थाली प्रदान की गई, जिसे केकती बाई सोनवानी ने वितरित किया। कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में अन्नु झाबक, मोहम्मद इकबाल खान, और बहन माधुरी भट्ट थे। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार विजेता /"बारहमासी नृत्य/" (पूर्व माध्यमिक विभाग), द्वितीय पुरस्कार आदिवासी डांस (प्राथमिक विभाग), और तृतीय पुरस्कार /"बस्तरिया डांस/" (पूर्व माध्यमिक विभाग) को प्राप्त हुआ। सभी बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश साहू ,उकेश तारक ने किया।

